http://www.onlineBU.com

# AF-2517

M.A. (Previous)
Term End Examination, 2017-18

## HINDI

Paper - V

## हिन्दी साहित्य का इतिहास

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 100
[*Minimum Pass Marks* : 36

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15×4

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकाल का विभाजन कीजिए।

(ख) रीतिकालीन काव्य साहित्य की सामाजिक राजनीतिक परिस्थितियों का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) निर्गुण काव्य परंपरा में कबीरदास के योगदान का उल्लेख कीजिए।

http://www.onlineBU.com



(घ) रीतिकालीन काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) आधुनिक काल को 'गद्यकाल' कहा गया है— विवेचना कीजिए।

(च) छायावाद के चार स्तंभों पर लेख लिखिए।

(छ) प्रयोगवादी काव्य साहित्य की विशेषताएँ बताइए।

(ज) आचार्य रामचंद्र शुक्ल हिन्दी के आद्याचार्य माने जाते हैं। अपना विचार स्पष्ट कीजिए।

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4×5

(क) गीतिकाव्य की परंपरा और विद्यापति

(ख) कृष्ण काव्यधारा

(ग) प्रसादयुगीन हिन्दी नाटक

(घ) हिन्दी में काव्य नाटकों की परंपरा

(ङ) आलोचना और समालोचना में अंतर

(च) साठोत्तरी हिन्दी कविता

(छ) हिन्दी के मनोवैज्ञानिक उपन्यासकार और उनके उपन्यास

(ज) हिन्दी की आंचलिक कहानियाँ

http://www.onlineBU.com



**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×20

(क) 'सिद्ध सामन्त काल' हिन्दी साहित्य के इतिहास के किस काल को कहा गया है?

(ख) 'हिन्दी वीर काव्य का काल' किस लेखक ने कहा है?

(ग) 'खुमान रासो' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(घ) 'छत्रसाल' किसकी रचनाकृति है?

(ङ) 'पदावली' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(च) 'पदावली' की भाषा का नाम लिखिए।

(छ) संतमत का विकास किनके-किनके योगदान से हुआ था?

(ज) नाथ संप्रदाय के सबसे प्रमुख योगी का नाम लिखिए।

(झ) भक्ति साधना में वैष्णव भक्ति के कौन-कौन से रूप मिलते हैं?

(ञ) 'हरि रूठे गुरु ठौर है, गुरु रूठे नहीं ठौर' किस कवि ने कहा है?

(ट) मीराबाई के गुरु का नाम लिखिए।

(ठ) सूफी प्रेम काव्य धारा का आरंभ किस कवि की किस रचना से माना जाता है?

http://www.onlineBU.com



(ड) जायसी के प्रसिद्ध प्रबंधकाव्य का नाम लिखिए।

(ढ) आचार्य वल्लभ का साधना मार्ग किस नाम से जाना जाता है?

(ण) 'गीतावली' में काव्य के किस रस का कौन-सा स्थायी भाव मिलता है?

(त) 'कवि प्रिया' किसकी कृति है तथा इसमें किसका विवेचन किया गया है?

(थ) 'चिंतामणी' के लेखक का नाम लिखिए।

(द) 'झूठा सच' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

(ध) 'आधे-अधूरे' कृति किस विद्या से संबंधित है?

(न) 'सुदामा पाण्डे का प्रजातंत्र' किस कवि की रचना है?

(प) कवि 'धूमिल' का पूरा नाम लिखिए।

(फ) 'तमस' के लेखक का नाम लिखिए।

(ब) 'भारत दुर्दशा' के लेखक का नाम लिखिए।

(भ) 'ध्रुवस्वामिनी' साहित्य की किस विद्या से संबंधित रचना है?

---